फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री भवानीशंकर जोशी नि. फ्लेट नं. 06, वरद अपार्टमेन्ट, सर्वोदय नगर, टकी रोड़, नालासोपारा ईस्ट, वसई, पिनकोड 401209 (महाराष्ट्र)

– **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 पत्रावली संख्या 35/2024

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 21.05.2024

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट से जरिये पृष्ठांकित पत्र क्रमांक : आरटीए/2024/126 दिनांक 15.05.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम टीकड़ पटवार मण्डल खाखरमाला तहसील आमेट के खसरा नम्बर 1270, 1271, 1278, 1281, 1285, 1287, 1288, 1289, 1302, 1485, 1486, 1487, 1488, 1489, 1491, 1492, 1542, 1543 एवं 1544 की वर्ष 1950 से 2024 तक की खेवट खतोनी चाही गयी है अतः तहसील कार्यालय में उपलब्ध रिकार्ड अनुसार 1976 से वर्तमान तक की नकल प्रेषित की जा रही है। खसरा मिलान एवं सेटलमेंट पूर्व के नम्बर के अभाव में सेटलमेंट से पूर्व की नकल जारी नही की गई है।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी आमेट की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट द्वारा उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

Bello

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)